## जिला अदालत का महत्वपूर्ण आदेश

# छोटी-छोटी बातों पर विवाद घरेलू हिंसा की श्रेणी में नहीं

हरिभूमि जबलपुर।



जिला अदालत ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि छोटी-छोटी बातों पर विवाद घरेलू हिंसा की श्रेणी में नहीं आता। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रश्मि मंडलोई ठाकुर की अदालत ने कहा कि पत्नी के साथ घरलू हिंसा प्रमाणित नहीं हुई, अतः वह घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अनुतोष पाने की अधिकारी भी नहीं है।

अनावेदक बिलासपुर निवासी नितिन वर्मा सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि नितिन का विवाह नमिता वर्मा के साथ हुआ था, जिन्होंने केस दायर किया है। उनकी ओर से घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अनुतोष दिलाए जाने की मांग की गई है। इस दंपति की एक संतान भी है। आवेदिका ने पति के अलावा सास, जेठ ओर जेठानी पर भी प्रतोड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि कथन से स्पष्ट हुआ है कि विवाद की वजह कोई बड़ी नहीं बल्कि छोटी-छोटी होती थीं। एक तथ्य यह भी है कि आवेदिका अपनी ससुराल में अधिक समय नहीं रही। वह किसी न किसी बहाने मायके चली जाती थी। ऐसे में पति के अलावा अन्य सदस्यों पर आरोप अनुचित प्रतीत होता है। इसके पीछे छिपी दुर्भावना स्वमेव रेखांकित हो रही है। अदालत ने सभी तर्क सुनने के बाद घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अनुतोष दिए जाने की मांग महज आंशिक रूप से बच्चे के सिलसिले में स्वीकार की। पत्नी को राहत देने से मना कर दिया।

### *बेबी शील्ड रिपोर्ट न देने पर उपभोक्ता आयोग ने लगाया 10 हजार रु जुर्माना*

**जबलपुर**। जिला उपभोक्ता आयोग ने नवजात बच्ची के जन्म के समय किया गया बेबी शील्ड (ब्लड टेस्ट) रिपोर्ट नहीं देने पर लाईफ सेल इंटरनेशनल प्रायवेट लिमिटेड कंपनी पर एक लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग के अध्यक्ष नवीन सक्सेना व सदस्यद्वय सुषमा पटेल एवं मनोज मिश्रा की संयुक्त पीठ ने कंपनी को निर्देश दिए कि दो हजार रुपए का वाद व्यय भी परिवादी को अदा करे। राइट टाउन जबलपुर में निवासी राहुल दुबे ने अपनी दो साल की बच्ची आर्या दुबे की ओर से मामला दायर किया था। उन्होंने बताया कि उक्त कंपनी द्वारा स्टेम सेल सुरक्षित रखने के साथ-साथ बेबी शील्ड रिपोर्ट देने का काम करती है। बेबी शील्ड में नवजात को भविष्य में होने वाली संभावित कई बीमारियों के बारे में जानकारी मिल जाती है। परिवादी ने इसके लिए 5 हजार रुपए जमा किए थे, लेकिन कंपनी ने रिपोर्ट प्रदान नहीं की।

## चिकित्सकों की योग्यता एवं पंजीयन की जांच शुरु

# दमोह की घटना के बाद प्रशासन सख्त

**जबलपुर**। दमोह के मिशन अस्पताल में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद प्रदेश प्रशासन ने निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए 21 अप्रैल 2025 तक जिले के सभी निजी अस्पतालों को अपने चिकित्सा अधिकारियों की प्रमाणित योग्यता एवं पंजीकरण की पुष्टि करने का आदेश दिया है।

जबलपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के अनुसार, सभी निजी चिकित्सालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि: मरीजों की देखभाल में संलग्न सभी चिकित्सकों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त वैध चिकित्सा डिग्री हो साथी ही मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद में पंजीकरण हो. अतिरिक्त विशेषज्ञ योग्यता का पंजीकरण अनिवार्य रूप से हो। यह आदेश राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019, क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 2010, एवं मध्य प्रदेश नर्सिंग होम एंड क्लिनिक एक्ट के तहत लागू किया गया है।

### स्टांप पेपर पर शपथ पत्र की अनिवार्यता

सभी अस्पतालों को 21 अप्रैल तक सीएमएचओ कार्यालय को लिखित रिपोर्ट देना होगा, जिसमें सभी कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों की योग्यता और पंजीकरण की जानकारी हो. साथ ही 100 के स्टांप पेपर पर यह शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा कि अस्पताल में केवल योग्य और अधिकृत चिकित्सकों द्वारा ही चिकित्सा सेवाएं दी जा रही हैं।

### बाहरी राज्य से आए चिकित्सकों पर भी नजर

डॉ. मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि अन्य राज्यों से आए चिकित्सकों को तभी सेवाओं में लिया जाए, जब वे एमपीएमसीएसआई में विधिवत पंजीकृत हों। बिना पंजीकरण के किसी भी बाहरी चिकित्सक को कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग ने यह भी कहा है कि यदि किसी चिकित्सक के पास आवश्यक प्रमाणपत्र या वैध पंजीकरण नहीं पाया गया, तो उसे चिकित्सा सेवा से तत्काल हटा दिया जाएगा। संबंधित अस्पताल संचालक को इस प्रक्रिया की पूर्ण जिम्मेदारी लेनी होगी, और आदेश का उल्लंघन होने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्विफ्ट कार में छिपाकर ले जा रहे थे मादक पदार्थ

# तीन आरोपियों से मिला 4 किलो गांजा

हरिभूमि जबलपुर। ,



क्राईम ब्रांच और पनागर पुलिस ने गत रात पैट्रोलिंग के दौरान ट्राईडेंट वेयर हाउस के सामने बागोड़ा में मादक पदार्थ गांजे के कारोबार में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 किलो 738 ग्राम गांजा और कार जब्त की है। जब्त किए गए गांजे की कीमत 95 हजार रुपए बताई गई है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात पेट्रोलिंग के दौरान पनागर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने ट्राईडेंट वेयर हाउस के सामने बागोड़ा में स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 20 सी.एफ. 4480 के चालक गौरीघाट स्टेशन के पास निवासी 37 वर्षीय सुजीत राय, बेन मोहल्ला निवासी 27 वर्षीय सूरज बेन और बड़ी ओमती नल के पास घंटाघर निवासी 24 वर्षीय मोहम्मद सज्जाद उर्फ रेहान खान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 किलो 738 ग्राम गांजा और कार जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### *देश की कृषि नीतियों को किसानो को जानने का हकः मोहिनी मोहन मिश्र*

**जबलपुर**। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के दो दिवसीय प्रांत प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ नानादेशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कृषक भवन में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र, रजिस्ट्रार डॉ एस एस तोमर, प्रधानमंत्री एमएसपी कमेटी के सदस्य व भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, किसान संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष विशाल चंद्राकर, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह उपस्थिति में ध्वजारोहण, भारत माता व भगवान बलराम के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि देश की कृषि नीतियों में तेसे बदलाव आ रहा हैं।

# आज तय होगा लायंस क्लब का अगला डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

**जबलपुर**। संस्कारधानी जबलपुर शहर के एक निजी होटल में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस के माध्यम से आज लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-C का अगला डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुना जाएगा जिसमें संस्कारधानी के भरत अग्रहरि एवं सतना से पवन मलिक के बीच मुकाबला हो रहा है। राजीव शुक्ला द्वारा जानकारी दी गई कि लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233-C जिसमें संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड व बघेलखंड के कुछ शहरों से लगभग 1000 साथी संस्कारधानी में इस डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित होने के लिए जबलपुर पधारे हैं जो 12 मार्च एवं 13 मार्च को आयोजित है, 13 मार्च को होने वाली वोटिंग के माध्यम से अगला डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संस्कारधानी में आज चुन लिया जाएगा जिसके लिए दोनों ही प्रत्याशियों के द्वारा जोर आजमाइश जारी है। संस्कारधानी जबलपुर के लायंस क्लब जबलपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लायंस क्लब जबलपुर की अध्यक्ष लायन अंकिता जैन, सचिव भूमिका पटेल एवं कोषाध्यक्ष मीता पोपट के द्वारा आयोजन को चार चांद लगाने हेतु सेवा परमो धर्मा की भावना के साथ कार्यक्रम में आए हुए साथियों के लिए विजिटिंग कार्ड स्पर्धा, हस्ताक्षर प्रतियोगिता, पिन एक्सचेंज प्रोग्राम, स्लोगन प्रतियोगिता तथा कपल फोटो प्रतियोगिता जैसे कई महत्वपूर्ण आयोजन किए जा रहे हैं ।




### *नए शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें*

**जबलपुर**। मॉडल स्कूल में आयोजित जिले के शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने आगामी नए शैक्षणिक सत्र को लेकर स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानों को बच्चों की पढ़ाई पर पूर्ण रूप से फोकस करना होगा। इसके साथ ही, शिक्षा विभाग एवं शासन की सभी योजनाओं का समय पर सफल क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में आरएमएसए के अतिरिक्त परियोजना समन्वयक संजय मेहरा, सहायक संचालक आर.के. बधान, बीईओ पाटन गौतम बर्बे, बीईओ मझौली अतुल चौधरी, बीईओ कुंडम सुपूनम बरकड़े, बीईओ जबलपुर श्रीमती सरिता तंतुवाय, बीईओ बी.एल. कुर्वेती, बीईओ सिहोरा एवं पनागर सहित जिले के समस्त प्राचार्य, BRC, जिला शिक्षा केंद्र के सभी एपीसी, उपयंत्री और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। डीईओ सोनी ने बैठक के अंत में सभी प्राचार्यों से अपील की कि वे अपने-अपने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समयबद्ध कार्य और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करें, ताकि जिले की शैक्षणिक प्रगति को और सशक्त बनाया जा सके।

# एपीएन में "एक राष्ट्र एक चुनाव" विषय पर युवा संसद का आयोजन



**जबलपुर**। ए.पी. नर्मदा विधि महाविद्यालय में "एक राष्ट्र एक चुनाव" विषय पर एक दिवसीय युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. अशित कुमार श्रीवास्तव (सहा. प्राध्यापक धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिर्वसिटी, जबलपुर), डॉ. अनिमेष झा (सहा. प्राध्यापक धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिर्वसिटी, जबलपुर), एड. गोपेश यश तिवारी, डॉ. अश्विनी कुमार जायसवाल (सहा.प्राध्यापक विधि विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमेन चमन श्रीवास्तव द्वारा की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजन अर्चन के साथ किया गया, तत्पश्चात एक राष्ट्र, एक चुनाव के पक्ष एवं विपक्ष में 17-17 छात्रों ने भाग लिया और अपने-अपने विचार व्यक्त किये। युवा संसद में डी.एन.एल.यू., एन.ई.एस. व खालसा विधि महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन मेहर परिहार व आभार प्रदर्शन महाविद्यालय विधि विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। निर्णायक मंडल द्वारा सुधांशु पाठक, डी.एन.एल.यू. एवं अतुल दुबे ए.पी. नर्मदा विधि महाविद्यालय के छात्र को विजयी घोषित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापकों में विजयश्री तिवारी, त्रिपदा भट्ट, आकांक्षा अवस्थी, मृत्युंजय तिवारी, शशांक यादव, सपना जैन, आकांक्षा मिश्रा, डॉ. जयश्री तिवारी, रक्षा पालीवाल, निकिता कौरव, अनुश्री गुप्ता, प्रकृति शास्त्री, छात्र-छात्रायें शबा कुरैशी, स्नेहा पासी, तनुश्री तिवारी, सूर्यांश गुप्ता, एवं राज यादव का सराहनीय सहयोग रहा।

## राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों के निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आरओआर, किसानों के ई-केवयासी, अतिक्रमण हटाने, धारणाधिकार आदि पर चर्चा कर कहा कि 100 दिन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने राजस्व प्रकरणों की पेंडेंसी खत्म करने के लिये आरसीएमएस में रोजाना दर्ज होने वाले प्रकरणों से अधिक का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों दिये। साथ ही कहा कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त राजस्व विभाग से संबधित शिकायतों के निराकरण भी करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में तत्परता बरतने की हिदायत देते हुये कहा कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण और आवेदक की संतुष्टि के साथ किया जाये। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, नाथूराम गौंड़ सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार

# शाम होते ही चली धूल भरी आंधी

हरिभूमि जबलपुर।



शनिवार की शाम को फिर मौसम के मिजाज अचानक बदले। सुबह से आसमान पर तेज धूप खिली रही और शाम ढलते ही धूल भरी आंधी चली। कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई। पश्चिमी विक्षोप की वजह से 40 डिग्री के पार निकला पारा शनिवार को 37 डिग्री पर आकर ठहर गया, लेकिन गर्मी का असर बरकरार रहा। गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिली। बादलों की बसाहट से उमस ने हलाकान कर दिया। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बने हवा के कम दवाब वाले क्षेत्र के कारण बादल नीचे उतर आए हैं और आगामी 24 घण्टों के दौरान संभाग के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बरस भी सकते हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू काश्मीर से आया पश्चिमी विक्षोप के कारण पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। लो-प्रेशर की वजह से बादल बन रहे हैं, और तापमान में गिरावट आई है। हाल ही में तीखे हुए गर्मी के तेवर कुछ नरम पड़े हैं। लेकिन आसमान पर बदली के छाने से उमस बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 37.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 25.01 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 43 प्रतिशत और सायंकाल 35 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.51 पर और सूर्यास्त शाम 6.30 पर हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 42.5 डिग्री तापमान खंडवा और सबसे कम 16.2 डिग्री पचमढ़ी में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ पानी बौछारें पड़ने की संभावना है।




### हनुमान जन्मोत्सव में रही हवन पूजन भंडारों की धूम

# रामदूत अतुलित बल धामा अंजनिपुत्र पवन सुत नामा









*श्री राम भक्त मारूति नंदन अंजनी पुत्र महाबली वीर हनुमान की जन्मोत्सव शनिवार को यहां पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ यहां मनाई गई। नगर के हनुमान मंदिरों में हवन पूजन महाआरती और भंडारों के आयोजनों की धूम रही। कई स्थानों से संकट मोचन कृपा निधान के शोभायात्रा भी निकाली गई। दिन भर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।*

हरिभूमि जबलपुर।



जगह-जगह हनुमत जागरण और आर्केस्ट्रा के प्रोग्राम हुए और भंडारे के प्रसाद का वितरण देर रात तक चलता रहा। अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारे लगी रही। मंदिर के पट खुलने के पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। मंदिरों में हनुमान चालीसा का सबसे प्रभावी और लोगों की मनोकामनाएं पूरी करने और भय को दूर और संकट को हरने वाले मंत्र ''संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलवीरा, बल, बुद्धि, विद्या, देहु मोहै, हरेऊ क्लेश विकारा'', हर श्रद्धालु के श्रीमुख से उच्चारित हो रहा था। वहीं रामदूत अतुलित बल धामा, अंजनिपुत्र पवन सुत नामा महावीर विक्रम बजरंगी के जयकारे गूंजते रहे।

श्री रामलला मंदिर गौरीघाट में तो श्रद्धालुओं की अपार भीड़ लगी रही। यहां द्वापर युग की सिद्ध बाल हनुमान प्रतिमा को गर्भगृह से बाहर निकालकर पूजा पंडाल में स्थापित किया गया था। हनुमान चालीसा, महाआरती और भंडारे के आयोजन से यहां सवा लाख नारियलों का हवन किया गया। इसी तरह रानीताल गेट नं. 2 के पास स्वयंसिद्ध हनुमान मंदिर, दक्षिणमुखी श्री बाल हनुमान मंदिर लेबर चौक, बड़े महावीर बड़ा फुहारा, छोटे महावीर कोतवाली, श्री नटबाबा मंदिर मोची कुंआ गढ़ाफाटक, श्री हनुमान मंदिर नौदराब्रिज, श्री कटरा वाले महावीर स्वामी मिलोनीगंज, श्री हनुमान मंदिर अधारताल, श्री हनुमान मंदिर दमोहनाका, पंचमुखी हनुमान मंदिर स्नेह नगर में सुन्दरकाण्ड अखण्ड रामायण पाठ के बाद भंडारे के आयोजन किये गये। रानीताल चौक हनुमान मंदिर में श्री बजरंग मठ सूपाताल में भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाई गई। कल सुबह से देर रात तक नगर के हनुमान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम के साथ श्रद्धालुओं की रेलमपेल मची रही। विगत वर्षों से हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धा और आस्था का सैलाब बढ़ता जा रहा है।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के प्रायः सभी हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ चलते रहे जिनके समापन पर हवन पूजन हुआ और दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को मंदिरों में जो भीड़ शुरू हुई तो मध्य रात्रि तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जगह-जगह भंडारों के साथ आने जाने वाले राहगीरों को प्रसाद वितरण भी किया जाता है।

श्री बाल रुपी हनुमान मंदिर लेबर चौक में सुंदरकांडपाठ के साथ हवन, पूजन हुआ। यहां समाज सेवी कैलाश साहू, दीपक साहू, आभा, रजनी एवं एडवोकेट सुर्वणा वरण्यम ने अनुष्ठान में भाग लिया। इसी तरह नटबाबा मंदिर गढ़ाफाटक में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### हनुमान शक्ति मंदिर सुनरहाई

सराफाबाजार सुनरहाई चौक पर स्थित श्री हनुमान शक्ति मन्दिर में पुजारी ओंकार मिश्रा ने धार्मिक अनुष्ठान किए। वे पिछले 47 सालो से यहां सेवा करते आ रहे हैं यहां जब कुछ भी नहीं था हनुमान जी की प्रतिमा के अलावा यहां के कुछ लोगों के सहायता से मंदिर का निर्माण कराया गया। खासकर अंजना राठौर बसंती सोनी, और नमिता राठौर का हर पर्व पर विशेष योगदान रहता है।



### हनुमान जन्मोत्सव पर सिहोरा खितौला में अनेक आयोजन

# वाहन रैली में देखने मिला भक्ति और शक्ति का बेजोड़ संगम

**सिहोरा।** अंजनी के लाल महाबली संकट मोचन पवन पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव शनिवार को सिहोरा नगर एवं उपनगर खितौला के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में श्रद्धा और आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान मैं निकाली गई विशाल एवं ऐतहासिक वाहन रैली में भक्ति और शक्ति का बेजोड़ संगम देखने को मिला। हनुमान मंदिरो में शाम तक हवन,पूजन, कन्या भोजन तथा भंडारे का दौर चलता रहा। वहीं वाहन रैली पथ पर श्रद्धा का सैलाव उमड़ पड़ा तथा वाहन रैली में चल रहे हनुमान राम भक्तों पर महिलाओं ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रैली की खास बात यह रही की नगर के इस सबसे बडे धार्मिक आयोजन में सारा हिन्दू समाज एक जुट दिखा।इसी तरह जगह जगह आतिशबाजी का अदभूत नजारा देखने को मिला। जन्मोत्सव पर पूजन अर्चन के बाद बाबाशाला से अपने वाहनो में भगवा ध्वज लगाकर सैकड़ों युवाओं के दोपहिया,तिपहिया वाहनों के साथ विशाल वाहन रैली अंजनी के लाल की, जय श्रीराम के गगन भेदी जयकारे लगाते हुये निकली करीब 2 किलोमीटर की लम्बी इस रैली में हजारो युवा बच्चे शामिल हुए। पवन सुत के जन्मोत्सव पर सिहोरा रोड रेल्वे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर,सिविल कोर्ट के सामने,पुराना बस स्टेण्ड के पास स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर,बाबाशाला,सरावगी मोहल्ला, कोर्ट के सामने,ज्वालामुखी तिराहा वार्ड क्रमांक 2, नया बस स्टेंड आदि में हनुमान जी के मंदिरो में दिनभर भण्डारे चलते रहे।

### पाटन में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती



**पाटन।** हनुमान जयंती के अवसर पर नगर में भगवान हनुमान मंदिर में भक्तों के द्वारा हवन पूजन जलाभिषेक करके उत्सव मनाया गया। सुबह से मंदिर में सुन्दर काण्ड और श्री राम चरित्र मानस पाठ का आयोजन किया गया। बाजार चौधरी मुहल्ला गुरू मुहल्ला थापक वार्ड नाका नंबर 2 मंदिर सहित भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में गुरू परिवार के सभी लोगों ने सुबह से ही अपने आराध्य देव का सिन्दूर चोला के साथ अनुष्ठान किए। बाजार स्थित अंजनी पुत्र मंदिर में भगवान हनुमान जी की भव्य और आकर्षण युक्त सिद्ध मूर्ति विराजमान है जहां दर्शन के लिए भक्तों की भीड देखी गयी और आज जन्मोत्सव पर विशेष शोभायात्रा का आयोजन कर भगवान हनुमान जी को पूरी निष्ठा समर्पण और भक्ति भाव से नगर भ्रमण कराया गया जिसमे समिति सदस्यो के साथ नगर के गणमान्य नागरिक जनपतिनिधि सहित भक्त जन उपस्थित रहे।

### मझौली में निकली विशाल शोभा यात्रा



**मझौली।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष हनुमान जयंती पर विशाल शोभा यात्रा बड़ी ही धूमधाम से निकली गई एवं जगह जगह अखंड रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन भण्डार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशाल शोभा यात्रा पवनसुत आश्रम मझौली से प्रारंभ विश्व हिन्दू परिषद मझौली के द्वारा किया गया यह नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस राम जानकी मंदिर में समाप्त हुई। शोभा यात्रा में सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, पं निलेश अवस्थी, दिनेश चौरसिया, राजेंद्र चौरसिया, दिनेश चौबे, विजय नेता मदन साहू मुन्नू सोनी महेंद्र कोस्टा उर्मिला दहीया आदि समस्त नगर ग्रामवासी उपस्थित थे शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई जगह जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।

### बाबा भीमराव अंबेडकर प्रतिमा का रंग हुआ सुनहरा

# अजाक्स की मांग पर निगमायुक्त ने कराया तहसीली चौक का सौंदर्यीकरण

**जबलपुर।** अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा द्वारा 25 अप्रेल को निगमायुक्त प्रीति यादव को ज्ञापन सौंपते हुये मांग की गई कि 14 अप्रैल 2025 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 134वाँ जन्मदिवस कार्यक्रम तहसीली चौक में आयोजित किया जाना है, अतः कार्यक्रम के पूर्व तहसीली चौक स्थित भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सुनहरा रंग एवं प्रतिमा के समीप आने-जाने हेतु दोनों तरफ से सीढ़ी की व्यवस्था कराई जाए। संघ की मांग को स्वीकारते हुये निगम आयुक्त ने तत्काल कार्यवाही करते हुये उद्यान विभाग को आदेशित किया कि 14 अप्रैल 2025 से पूर्व तहसीली चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर सुनहरा रंग एवं प्रतिमा के समीप सीढ़ी की व्यवस्था करायी जावे। निगमायुक्त प्रीति यादव को ज्ञापन प्रेषित करने हेतु अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, जगदीश नन्हेट, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, समीम भईजान, सामियल, दयाराम धुर्वे, श्रीनिवासलू, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू



श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सुनील सिगोटिया सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

# नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा निकली

**जबलपुर।** जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को सैकड़ो वर्षों से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा पर सुबह 465 वी परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में स्वामी रामचंद्र दास महाराज सिद्धन माताजी बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के साथ नर्मदा भक्त हाथों में भगवा ध्वज लेते हुए संकीर्तन मंडलियों के साथ हनुमान जी महाराज का गुणगान करते हुए निकली। नर्मदा महाआरती संस्थापक



एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर भगवान ने बताया परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल राघवेंद्र शुक्ला विनोद दीवान मनोज गुलाबवानी घनश्याम बबेले कैलाश विश्वकर्मा विशाल पंड्या प्रभाकर चतुर्वेदी सत्य प्रकाश नामदेव अवधेश खरे सचिन अग्रवाल एडवोकेट रवि चौरसिया पुणे से आई नर्मदा भक्तों की टोली उपस्थित थी।



# पंचशील बौद्ध विहार में धम्मदेशना कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** पंचशील बुद्ध विहार जयभीम नगर ग्वारीघाट के तत्वावधान में 12 अप्रेल को अंतर्राष्ट्रीय भिक्षुणी अय्याजी साक्य धम्मदिन्ना का धम्मदेशना का समापन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय अय्याजी धम्मदिन्ना ने विश्व गुरु तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उपासिका छाया धावर्डे ने अय्याजी का स्वागत पुष्प देकर किया। पांच दिन की धम्मदेशना पर्व पर सभी बुद्ध विहारों के उपासक, उपासिकाओं को पुरस्कार वितरित किए गए। उपासक एवं उपासिकाओं को धम्मदेशना के बाद विश्व गुरु तथागत गौतम बुद्ध की खीर, फल एवं भोजन का प्रसाद वितरित किया गया।




**श्रीमती लक्ष्मी रानी चक्रवर्ती-** अग्रवाल कॉलोनी निवासी श्री रविकांत चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी रानी चक्रवर्ती (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज बाई ठाकुर-** नई बस्ती आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री कमलेंद्र सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज बाई ठाकुर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नवनीत उपाध्याय-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री नवनीत उपाध्याय (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मधु बशंकार-** प्रेमसागर निवासी श्री विजय बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती मधु बंशकार (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नितिन कुमार शर्मा-** कालीमठ आमनपुर निवासी श्री चंद्रकांत शर्मा के पुत्र श्री नितिन कुमार शर्मा (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश कोरी-** सिद्धबाबा वार्ड तुलाराम के अखाड़े के पास निवासी श्री जगदीश कोरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजीव कुमार देव-** शास्त्री नगर त्रिपुरी वार्ड गढ़ा निवासी श्री संजीव कुमार देव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री पंचम लाल चौधरी के पुत्र श्री प्रदीप चौधरी (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री इंदू प्रसाद राय-** आर/46, वार्ड नं. 14, सिविल लाइन निवासी श्री इंदू प्रसाद राय (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता चौधरी-** ठक्कर ग्राम जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री राजकुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती ममता चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जीतेंद्र पिल्ले-** बंगला नं. 25 चंसोरिया कम्पाउंड सदर निवासी श्री जीतेंद्र पिल्ले (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला गुप्ता-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री संपत लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सरला गुप्ता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विश्वनाथ समुंद्रे-** लाल कुंआ पोलीपाथर निवासी श्री विश्वनाथ समुंद्रे (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश वाल्मीक-** मझौली निवासी श्री प्रकाश वाल्मीक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम सुमर तिवारी-** कटरा अधारताल निवासी श्री राम सुमर तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गा प्रसाद दाहिया-** यादव मोहल्ला रामपुर निवासी श्री दुर्गा प्रसाद दाहिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज [illegible] प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | [illegible] से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | [illegible] से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | [illegible] से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# विधिक सहायता एवं जागरुकता शिविर आज



**जबलपुर।** संस्कारधानी में स्वर्गीय श्री वाय.एस. धर्माधिकारी वार्षिक विधिक सहायता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन 13 अप्रैल 2025 को किया जाएगा। उक्त जानकारी शनिवार शाम 4.30 बजे आयोजित पत्रकार वार्ता में रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर के अध्यक्ष सार्थक सेठी व एडवोकेट शिवेन्द्र पांडे ने दी। कन्वेनियर शिवेंद्र पांडे ने बताया राइट टाउन स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस के सामने पटेरिया कम्पाउंड में आयोजित शिविर न्यायप्रिय, जनसेवक और प्रतिष्ठित विधिवेत्ता स्वर्गीय श्री वाय.एस. धर्माधिकारी की स्मृति में, प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला विधिक सहायता एवं जागरुकता शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना है। यह आयोजन श्री विवेक कृष्ण तन्खा, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्यसभा सांसद के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है।

# आरती शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि



**जबलपुर।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा शिवाजी नगर निवासी आरती शर्मा को प्राणीशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। आरती ने कुपोषण और एनीमिया नियंत्रण के लिए प्रयुक्त चयनित लोक साहित्य/पारंपरिक फार्मूलेशन का दस्तावेजीकरण, मानकीकरण और पोषण मूल्य विश्लेषण विषय पर शोध किया। आरती ने डॉ. शिवेश प्रताप सिंह के निर्देशन में शोध किया। आरती की इस उपलब्धि पर उनके पति अविनाश शर्मा, ससुर जनमेजय शर्मा, सास धर्मा शर्मा, पिता अशोक शर्मा, माता रेखा शर्मा और परिवारजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। आरती वर्तमान में श्री राम कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

# सिध्दवन धाम में अखंड मानस पाठ का आयोजन

**जबलपुर।** भेड़ाघाट के सहजपुर से एक किलो मीटर की दूरी पर स्थित सिद्धवन धाम में शनिवार को हनुमान जी का जन्मोंउत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर भव्य श्रृंगार कर अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया था इसमें क्षेत्रीय ग्रामीणों की विशेष सह भागिता रही।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **ASHADEVI MADHUSUDAN LONARE** AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **ASHA SANJAY KUMAR CHOURE** W/O SANJAY KUMAR CHOURE RESIDEND OF - NAVODAYA VIDALAYA, PADMI, MANDLA (M.P.) 481661

# भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क में काम करेगा लेकिन सुधार जरूरी : मंत्री गोयल

## ट्रंप के टैरिफ पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का बड़ा बयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने विकासशील देशों की परिभाषा का दोबारा मूल्यांकन करने की जरूरत समझाई और ई-कॉमर्स नियमों, कृषि निर्णयों और मत्स्य पालन वार्ताओं पर स्पष्टता का आह्वान किया। उन्होंने 9वें ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में कहा, भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क के भीतर काम करेगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित हमारे द्विपक्षीय समझौते इसके दायरे में काम करते हैं।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वैश्विक व्यापार को नया रूप देने में खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विश्वसनीय भागीदारों के साथ भारत के लिए आगे के अवसरों पर प्रकाश डाला। भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत में अवसरों की भरमार है। अगले दो से ढाई दशकों में भारत 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं के बल पर आठ गुना वृद्धि करेगा। इससे घरेलू मांग में भारी वृद्धि होगी और वैश्विक स्तर पर पहचाने जाने वाले पैमाने के लाभ मिलेंगे।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत में अवसरों की भरमार है। अगले दो से ढाई दशकों में भारत 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं के बल पर आठ गुना वृद्धि करेगा।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

वैश्विक स्तर पर पहचाने जाने वाले पैमाने के लाभ मिलेंगे



**गोयल ने भारत के व्यापार संबंधों और चीन से एफडीआई पर अपनी बात रखी**

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में ही कम से कम आठ उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए हैं, जो देश के साथ मजबूत व्यापार संबंध बनाने में दुनिया की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के मौजूदा टैरिफ संरक्षण उपाय मुख्य रूप से गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा, भारत उन देशों के साथ द्विपक्षीय साझेदारी करने के लिए अच्छी स्थिति में है जो पारस्परिकता, विश्वास और निष्पक्षता को महत्व देते हैं।

### भारत पर कोई दबाव नहीं

*केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में ही कम से कम आठ उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए हैं, जो देश के साथ मजबूत व्यापार संबंध बनाने में दुनिया की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के मौजूदा टैरिफ संरक्षण उपाय मुख्य रूप से गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा, भारत उन देशों के साथ द्विपक्षीय साझेदारी करने के लिए अच्छी स्थिति में है जो पारस्परिकता, विश्वास और निष्पक्षता को महत्व देते हैं।*


### युवा भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए तैयार

भारत के व्यापार निर्णयों पर बाहरी दबाव की चिंताओं को खारिज करते हुए गोयल ने कहा, कोई दबाव नहीं है। भारत के पास ऐसे अवसर होना अपने आप में बहुत रोमांचक है। आज हमारे निर्यात हमारे सकल घरेलू उत्पाद का अपेक्षाकृत छोटा हिस्सा हैं, लेकिन हमारा मजबूत घरेलू बाजार और महत्वाकांक्षी युवा भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। चीन को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत हमेशा अपने हितों को सबसे पहले रखेगा। अभी तक, चीन से बहुत कम एफडीआई आया है और ऐतिहासिक रूप से भी, चीनी निवेश न्यूनतम रहा है। हमारा प्रयास उन विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ इंटीग्रेशन पर केंद्रित है, जिनकी बिजनेस प्रैक्टिस सही मायने में बेहतर हैं।

## खबर संक्षेप

### तस्करी के आरोप में तीन भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से तीन भारतीय नागरिकों को मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने यह जानकारी दी। मिली जानकारी के



अनुसार रात काठमांडू हवाई अड्डे से भारतीय नागरिक इरफान अहमद कसालीपराम्बिल बशीर (25) को गिरफ्तार किया और उसके पास से 10 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया। वह थाई एयरवेज की उड़ान से बैंकॉक से काठमांडू पहुंचा था।

### फ्लोरिडा में प्लेन क्रैश 3 लोगों की मौत

**बोका रैटन(अमेरिका)।** दक्षिण फ्लोरिडा में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसमें तीन लोग सवार थे। मीडिया को मिली



जानकारी के अनुसार विमान एक प्रमुख अंतरराज्यीय राजमार्ग और रेल पटरियों के पास पूर्वाह्न करीब सवा दस बजे गिरा। संघीय विमानन प्रशासन ने विमान की पहचान सेसना 310 के रूप में की है, जिसमें तीन लोग सवार थे। इस दुर्घटना में 3 लोगो की मौत हुई है ।

## राणा से पूछताछ जारी, बाहर आ सकते हैं कई राज

# तहव्वुर राणा से एनआईए की पूछताछ, हर बार कह रहा- कुछ याद नहीं, हेडली से दोस्ती कबूली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड में से एक तहव्वुर हुसैन राणा से जांच एजेंसी एनआईए ने पहले दौर की पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि राणा ज्यादातर सवालों के जवाब में यही कह रहा है कि उसे कुछ याद नहीं। एक और साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली से अपनी दोस्ती की बात मानी है। कोर्ट की मदद से एनआईए राणा की आवाज का सैंपल भी लेगी, ताकि उसकी और हेडली की आवाज का मिलान किया जा सके। बता दें कि 10 अप्रैल को अदालत ने उसे 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया था।

बता दे कि राणा को दिल्ली में एनआईए हेडक्वॉर्टर के ग्राउंड फ्लोर पर रखा गया है, जबकि पूछताछ तीसरी मंजिल पर बने इंटेरोगेशन स्पेशल रूम में की जा रही है। 24 घंटे उसकी निगरानी की जा रही है। पूछताछ करने के लिए मुख्य जांच अधिकारी झारखंड काडर और 2011 बैच की डीआईजी जया रॉय को बनाया गया है।

**खास बातें**

- एनआई ने तहव्वुर राणा से मुंबई हमले को लेकर पूछताछ की
- राणा ने हेडली के साथ दोस्ती की बात स्वीकार की

**पाक सेना छोड़ने के बाद भी वर्दी पहनता था राणा**



*26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से पूछताछ कर रही है। अब तक के सवाल-जवाब में कई सारे नए खुलासे हुए हैं। पता चला कि पाकिस्तानी सेना का मेडिकल कोर छोड़ने के बाद भी वह लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े लोगों से मिलते वक्त सैन्य वर्दी पहना रहता था। रिपोर्ट के अनुसार, राणा पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के चिचावटनी गांव का रहने वाला है और उसके पिता स्कूल प्रिंसिपल थे। तहव्वुर राणा के तीन भाई हैं। उसका एक भाई पाकिस्तानी सेना में साइकोलॉजिस्ट है, जबकि दूसरा पत्रकार है। उसने कैडेट कॉलेज हसनाबदल में पढ़ाई की, जहां उसकी मुलाकात डेविड कोलमैन हेडली (दाऊद सईद गिलानी) से हुई, जो 26/11 हमलों से जुड़ा है और फिलहाल अमेरिकी जेल में बंद है।*

### राणा ने दिल्ली की गर्मी पर कहा-वेरी हॉट

जांच एजेंसियां उससे पूछ रही हैं कि मुंबई हमले के बारे में साजिश रचने में कौन-कौन शामिल थे? मुख्य साजिश कहां रची गई? आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले कौन-कौन लोग हैं, पाकिस्तान की तरफ से आईएसआई के अलावा आर्मी और अन्य का भी कितना रोल था। अमेरिकी मार्शलों ने तहव्वुर को जंजीरों में जकड़कर एनआईए टीम को सौंपा था। दिल्ली आते हुए उसकी बेड़ियां खोली गईं और कपड़े दिए गए। जब प्लेन से वह बाहर निकला तो दिल्ली की गर्मी पर कहा- वेरी हॉट।

**पर्यटकों का डेटा खंगाला**

### सुरक्षा एजेंसियों को मिली थी ये जानकारी

*अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद तिहाड़ जेल भेजे गए मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा के आगरा में आकर ताजमहल देखने और पत्नी के साथ होटल में रुकने की जानकारी मिली थी। तब सुरक्षा एजेंसियों ने विदेशी पर्यटकों का डाटा खंगाला था। तब बालूगंज के कई होटलों में छानबीन की गई थी। एलआईयू के पुलिस लाइन के ऑफिस में भी विदेशी पर्यटकों का ब्योरा देखा गया था। तब तहव्वुर राणा और उसकी पत्नी के आगरा में ठहरने और ताजमहल देखने के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी थी। आज तक यह साफ नहीं हो सका कि मुंबई हमले से पहले राणा आगरा में क्यों आया था? ऐसे में कयास यह लगाए गए थे कि तहव्वुर राणा ने पहचान बदलकर आगरा में प्रवास किया होगा। अब उसके भारत में आने के बाद एनआईए सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में कुछ राज सामने आ सकते हैं।*

**तहव्वुर राणा का मेजर इकबाल से कनेक्शन**

अमेरिका ने साजिद मिर की गिरफ्तारी के लिए 50 लाख डॉलर का इनाम रखा है। साल 2022 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र को एक ऑडियो सौंपा था, जिसमें मिर हमलावरों से बातचीत करता सुनाई देता है। एनआईए सूत्रों के अनुसार, तहव्वुर राणा पाकिस्तानी सेना की वर्दी पहनकर मेजर इकबाल से मिला था, जो एक संदिग्ध आईएसआई अधिकारी है। इकबाल पर हेडली की ओर से टोही मिशनों के लिए फंड देने, निगरानी रखने और निर्देश देने का आरोप है। रिपोर्ट में कहा गया कि हेडली ने 2010 में मृत्युदंड से बचने के लिए अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने उस व्यक्ति के साथ 20 से अधिक ईमेल शेयर करने का खुलासा किया, जिसे वह चौधरी खान के नाम से जानता था और जिसका मेजर इकबाल उपनाम था।

### मुंबई हमले से पहले आगरा आया था तहव्वुर राणा

मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा ने हमले से पहले आगरा में भी रेकी की थी। वह अपनी पत्नी के साथ आगरा आया था। बालूगंज के एक होटल में रुका था। सुरक्षा एजेंसियों ने वर्ष 2011 में रिकॉर्ड खंगाला था मगर पुख्ता साक्ष्य नहीं मिल सके थे।

## आतंकियों को दिया मुंहतोड़ जवाब, ऑपरेशन जारी

# सेना का जेसीओ शहीद, सुरक्षाबलों ने जैश के तीन आतंकी मार गिराए



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-जिले के अखनूर में शनिवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।

वहीं, शुक्रवार को किशतवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन रात से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर पर बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं, 1 अप्रैल को एलओसी पर सेना के एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था। घटना पुंछ में एलओसी पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई थी।

**सेना ने शहीद जेसीओ को श्रद्धांजलि दी**

*व्हाइट नाइट कोर ने ट्वीट कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, व्हाइट नाइट कोर और सभी सैनिक सूबेदार कुलदीप चंद की सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। वे आतंकियों की घुसपैठ रोकने के लिए चलाए गए ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। वही जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी।*

### पाकिस्तान की ओर से लगातार जारी है घुसपैठ

*इससे पहले 4 अप्रैल की रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी को मार गिराया था। 1 अप्रैल को एलओसी पर कृष्णा घाटी सेक्टर में सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था। तब एलओसी से सटे इलाके में 3 धमाके और पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी हुई थी। दावा है कि घुसपैठियों की मदद करने के लिए ऐसा किया गया था।*

## पाक, चीन भी नहीं बचा पाएंगे ?

# भारत को चिकन नेक की धमकी देने वाले बांग्लादेश के यूनुस की गर्दन फंसी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चीन और पाकिस्तान के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे बांग्लादेश के लिए चौतरफा दरवाजे बंद कर दिए हैं। भारत ने अब बांग्लादेश के मोहम्मद युनूस के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया है। भारत ने कालादान प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने के लिए कमर भी कस ली है। इसके अलावा, बांग्लादेश को दी गई एक प्रमुख ट्रांस शिपमेंट सुविधा वापस ले ली है। इसकी वजह से बांग्लादेश का भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार प्रभावित हो सकता है। जानते हैं कि बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने ऐसे क्या कदम उठाए हैं, जिससे उसकी कमर टूट सकती है।

**चिकन नेक पर बांग्लादेश-चीन की नापाक नजर**

*भारत का चिकन नेक पर बांग्लोदश और चीन के इरादे नेक नहीं हैं। बांग्लादेश के मुखिया मोहम्मद यूनुस की चीन की यात्रा से उनके नापाक मंसूबे सामने आए हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भारत के बॉर्डर के करीब लालमोनिरहाट जिले में एयरबेस बनाने का प्रस्ताव दिया था। लालमोनिरहाट भारत के चिकन नेक कॉरिडोर के पास है। अब इसी की काट भारत ने तैयार कर ली है। उसने कालादान प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने के लिए कमर कस ली है।*

**कालादान प्रोजेक्ट के पीछे भारत की सोच**

कालादान प्रोजेक्ट को भारत ने 2025 तक पूरा करने की तैयारी कर ली है और हाल ही में इस पर म्यांमार के अधिकारियों के साथ चर्चा तेज कर दी है। दरअसल, चीन और बांग्लादेश की जुगलबंदी से चिकन नेक को लेकर भविष्य में चुनौती खड़ी करने की कोशिश हो सकती है। ऐसे में भारत ने समंदर के रास्ते भी पूर्वोत्तर के राज्य से जोड़ने का वैकल्पिक रास्ता तैयार करना शुरू कर दिया है।

### कालादान प्रोजेक्ट की शुरुआत 2008 में हुई

कालादान प्रोजेक्ट की शुरुआत वर्ष 2008 में हुई थी। इसका मकसद भारत के कोलकाता बंदरगाह को म्यांमार के सित्तवे पोर्ट के माध्यम से मिजोरम से जोड़ना है। इस प्रोजेक्ट में तीन प्रकार के मार्गों का समावेश है-समुद्री, नदी और सड़क मार्ग, जो इसे 'मल्टी-मॉडल' बनाता है।

### पाकिस्तान में 5.8 तीव्रता का आया भूकंप, कांपी धरती

**कराची।** पाकिस्तान में शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में भी लोगों ने धरती में कंपन की शिकायत की। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई, जिसका केंद्र पाकिस्तान में 33.63 डिग्री उत्तर अक्षांश और 72.46 डिग्री पूर्व देशांतर पर 12 किलोमीटर की गहराई पर था। रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप के जोरदार झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से निकलकर बाहर की ओर भागने लगे। अभी तक जान के नुकसान या संपत्ति को क्षति की कोई खबर नहीं है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, दोपहर करीब 12:31 बजे देश में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जमीन के 12 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप पंजाब के अटक, चकवाल,

## जान जोखिम में डालकर बचाई थी बच्चों की जिंदगी

# सैल्यूट...सिंगापुर सरकार ने चार भारतीयों को किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सिंगापुर सरकार ने एक इमारत में लगी आग से बच्चों और वयस्कों को बचाने में वीरतापूर्ण कार्य के लिए चार भारतीय प्रवासी श्रमिकों को सम्मानित किया है। इस इमारत में 16 नाबालिग और छह वयस्क फस गए थे। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण का आठ वर्षीय पुत्र मार्क शंकर पवनोविच आठ अप्रैल को लगी आग की घटना से बचाए गए लोगों में शामिल था। इमारत से निकाली गई 10 वर्षीय आस्ट्रेलियाई लड़की की बाद में अस्पताल में मौत हो गई।

मानव शक्ति मंत्रालय के 'एश्योरेंस, केयर एंड एंगेजमेंट' (एसीई) समूह ने आग में फंसे लोगों को बचाने के लिए इंद्रजीत सिंह,



सुब्रमण्यम सरनराज, नागराजन अनबरसन और शिवसामी विजयराज को 'फ्रेंड्स ऑफ एसीई' सिक्के प्रदान किए। उनकी सूझबझ और बहादुरी ने सब कुछ बदल दिया। बच्चों की चीखें सुनकर और तीसरी मंजिल पर स्थित इमारत की खिड़की से घना धुआं निकलता देखकर, प्रवासी मजदूरों ने बिना समय गंवाए घटनास्थल के ठीक सामने स्थित अपने कार्यस्थल से एक 'स्कैफोल्ड' उठाया।

उन्होंने इमारत में बच्चों तक पहुंचने के लिए 'स्कैफोल्ड' और सीढ़ी का उपयोग किया।


कीमत 25 हजार करोड़ से भी अधिक, कानून बनाने की मांग

# जम्मू कश्मीर में 1400 से ज्यादा मंदिरों की संपत्ति पर अवैध कब्जा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में 1400 से अधिक मंदिरों की संपत्ति पर अवैध कब्जा है, जिसका मूल्य करीब 25 हजार करोड़ से अधिक है। ऐसे में जम्मू कश्मीर संघर्ष समिति ने वक्फ कानून की तरह कश्मीरी पंडितों की संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए एक विशेष कानून बनाने की मांग की है। संघर्ष समिति ने धमकी दी है कि अगर सरकार ने मांगें पूरी नहीं कीं तो उनके पास सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

वक्फ विवाद के बीच, कश्मीरी पंडितों ने जम्मू-कश्मीर में हिंदू धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून की मांग की है। संघर्ष समिति का कहना है कि 1990 के दशक से, जब हजारों आध्यात्मिक पंडितों ने कश्मीर छोड़ा, तो समुदाय के मंदिरों और धार्मिक भूमियों पर बड़े पैमाने पर कब्जा हो गया। 1,400 से अधिक हिंदू मंदिर और उनकी संपत्ति खतरे में हैं या नष्ट हो गई हैं।



### मंदिरों की संपत्ति वीरान और खंडहर पड़ी

*संघर्ष समिति के अनुसार जिस मंदिर प्रॉपर्टी पर अवैध कब्जा किया गया है, उन प्रॉपर्टी पर आज या तो बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बन गए हैं या फिर वो मंदिर आज वीरान पड़े हैं। हमने श्रीनगर में कुछ ऐसे मंदिरों का दौरा किया, जहां संघर्ष समिति के अनुसार अवैध कब्जा किया गया है और कुछ मंदिरों की संपत्ति, मंदिर आज भी वीरान और खंडहरों की शक्ल में नजर आए। संघर्ष समिति का यह भी आरोप है कि ये अतिक्रमण राजनीतिक सर्किट के साथ-साथ प्रशासन के समर्थन से हुआ है। अगर वक्फ बिल जो पारित किया गया है, वह मुस्लिम समुदाय के लाभ के लिए है, उसी तर्ज पर हम एक सनातन बोर्ड चाहते हैं, जो पूरे भारत और कश्मीर में मंदिरों की सुरक्षा के लिए काम कर सके।*

## ऑपरेशन ब्रह्मा : राजदूत अभय ठाकुर ने 15 टन चावल, तेल सहित अन्य सामग्री सौंपी

# भारत ने म्यांमार में भूकंप प्रभावित प्रवासियों को भेजी और सामग्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार में भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने यांगून में एक समुदाय राहत समूह को 15 टन चावल, खाना पकाने का तेल और अन्य खाद्य सामग्री सौंपी। वहीं, भारत के मंडले स्थित वाणिज्य दूतावास ने अंबिका मंदिर की रसोई के लिए जनरेटर, पानी शुद्ध करने वाली मशीन और तेल भेजा। यह रसोई हर दिन लगभग 4000 लोगों को भोजन प्रदान करती है।

इसके अलावा, म्यांमार के सबसे अधिक प्रभावित शहर मंडले में भारतीय सेना द्वारा बनाए गए फील्ड अस्पताल में अब तक 1,651 मरीजों का इलाज किया जा चुका है। केवल 9 अप्रैल को ही 281 लोगों का इलाज हुआ और कई सर्जरी भी की गईं।

*म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद भारत ने वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों की मदद के लिए बड़ा कदम उठाया है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत ने म्यांमार के यांगून क्षेत्र में भारतीय समुदाय को जरूरी राहत सामग्री भेजी है।*

**खास बातें**

- रसोई के लिए जनरेटर, पानी शुद्ध करने वाली मशीन भेजी
- भारतीय सेना ने बनाए फील्ड अस्पताल में 1,651 मरीजों का इलाज किया जा चुका है



**कुल 625 टन राहत सामग्री म्यांमार को भेजी**

भारत ने अब तक कुल 625 टन राहत सामग्री म्यांमार को भेजी है, जिसमें 442 टन की हालिया खेप भी शामिल है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 80 सदस्यीय टीम और चार प्रशिक्षित खोजी कुत्तों को भी राहत और बचाव कार्यों के लिए तैनात किया गया है।

### अब तक भूकंप में 3,645 लोगों की मौत हो चुकी है

*सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भूकंप में अब तक 3,645 लोगों की मौत हो चुकी है, 5,017 घायल हैं और 148 लोग अब भी लापता हैं। भूकंप ने म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ समेत छह राज्यों और क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। बिजली, फोन और मोबाइल नेटवर्क ठप हो गए हैं, जिससे स्थिति का पूरी तरह से आकलन करना मुश्किल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक यह आपदा म्यांमार में पहले से जारी गृहयुद्ध के कारण पहले से ही खराब मानवीय संकट को और अधिक गंभीर बना रही है। वहां पहले ही तीन मिलियन से ज्यादा लोग बेघर हो चुके हैं और करीब 20 मिलियन लोगों को किसी न किसी तरह की मदद की जरूरत है।*



# कार्तिक अगली फिल्म में सांप से लड़ेंगे, शीर्षक से उठा पर्दा...

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों सफलता के रथ पर सवार हैं। पिछली बार वह फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आए थे, जिसमें हमेशा की तरह उनके काम को काफी सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने खूब नोट छापे। आने वाले समय में कार्तिक कई चर्चित फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे। इन्हीं में से एक करण जौहर और महावीर जैन की फिल्म है। आखिरकार अब कार्तिक की इस फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक, करण और महावीर की फिल्म का नाम 'नागजिला' रखा गया है। यह हॉलीवुड की ब्लॉबस्टर फिल्म 'गॉडजिला' से प्रेरित है। फिल्म की कहानी पहले ही लिखी जा चुकी है।

## लाइफ Style

# मोनिका एंगी नजर, ट्रेलर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की आगामी वेब सीरीज 'खौफ' की इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। इसमें मोनिका पंवार, रजत कपूर, गीतांजलि कुलकर्णी और शिल्पा शुक्ला जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'बिग बॉस 18' की प्रतियोगी चुम दरांग भी इसका हिस्सा हैं। आखिरकार अब निर्माताओं ने 'खौफ' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो हॉरर और सस्पेंस से भरपूर है। आइए जानें आप यह वेब सीरीज कब और कहां देख पाएंगे।

'खौफ' का प्रीमियर 18 अप्रैल से अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। निर्माताओं ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, 'जो दिखता है, जरूरी नहीं वो सच हो।' पंकज कुमार और सूर्या बालाकृष्णन ने मिलकर इस सीरीज का निर्देशन किया है।

संजय राउत्रे और सरिता पाटिल इसके निर्माता हैं। इसमें प्रियंका सेतिया, रश्मी जुरैल मान, रिया शुक्ला, आशिमा वरदान, शालिनी वत्स, गगन अरोड़ा और सत्यम शर्मा जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे।

'खौफ' का प्रीमियर 18 अप्रैल से अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। निर्माताओं ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, 'जो दिखता है, जरूरी नहीं वो सच हो।' पंकज कुमार और सूर्या बालाकृष्णन ने मिलकर इस सीरीज का निर्देशन किया है।



## हॉलीवुड मसाला




# 'ओपेनहाइमर' देख डर जाएंगे

**लॉस एंजिलस।** हमारी दुनिया आज जैसी है उसे वैसा बनाने में कई लोगों ने योगदान दिया है। कई बेहतरीन दिमाग लगे हैं आज हमें यहां तक पहुंचाने के लिए। उनमें से कुछ बुरे थे, कुछ बस अपना काम कर रहे थे। ऐसा ही कुछ ओपेनहाइमर के साथ हुआ था। वही ओपेनहाइमर जिन्होंने दुनिया का पहला परमाणु बॉम्ब बनाया। ये फिल्म एक सिनेमैटिक मास्टरपीस है। हर फ्रेम, हर डीटेल और सीन-सीक्वेंस के साथ नोलन आपका दिल जीत लेंगे। एक-एक सीक्वेंस का बिल्डअप आपकी धड़कनें बढ़ाता है। आपके रोंगटे खड़े हो जाते हैं।




# प्राइम वीडियो की 'पिक्चर दिस' में भरा है ड्रामा-रोमांस व सस्पेंस

**लॉस एंजिलस।** ब्रिटिश एक्ट्रेस सिमोन एशली हॉलीवुड का जाना माना नाम बन गई हैं। नेटफ्लिक्स की फेमस सीरीज 'ब्रिजरटन' में केट शर्मा का रोल निभाकर छाने वाली सिमोन अब एक नई फिल्म के साथ प्राइम वीडियो पर आ गई हैं। सिमोन एशली की नई फिल्म का नाम है 'पिक्चर दिस'। ये कहानी लंदन में रह रही इंडियन फैमिली से आई लड़की पिया (सिमोन एशली) की है। पिया, 30 साल की होने वाली है और अपना फोटो स्टूडियो चलाती है। उसके साथ उनका दोस्त जे (ल्यूक फेदर्सटन) है। दोनों साथ में बिजनेस करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बात नहीं बन रही। पिया के पास है उसकी मां लक्ष्मी (सिंधु वी), पिता मुकुल (आदिल रे) और छोटी बहन सोनल (अनुष्का चड्ढा)। सोनल की शादी होने वाली है और ऐसे में लक्ष्मी चाहती है कि उसकी बेटी पिया के भी हाथ पीले हो जाएं. लेकिन पिया का शादी का कोई इरादा नहीं है, वो बस अपने स्टूडियो को बड़ा बनाना चाहती है।



# तब्बू की 5 साल बाद साउथ में वापसी

**मुंबई।** तब्बू को पिछली बार अजय देवगन के साथ फिल्म 'औरों में कहां दम था' में देखा गया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर पर उनकी यह फिल्म नहीं चली। इससे पहले आई तब्बू की फिल्म 'क्रू' ने टिकट खिड़की पर खूब धमाल किया था। तब्बू न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि साउथ में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं और अब वह एक और दक्षिण भारतीय फिल्म से जुड़ गई हैं, जिसमें उनके साथ विजय सेतुपति नजर आएंगे। साउथ के स्टार विजय सेतुपति को अभिनय का स्कूल कहा जाता है। उनकी फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ समय से वह एक पैन इंडिया फिल्म को लेकर चर्चा में है। हालांकि, इसका नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इस फिल्म के निर्माताओं ने अब इसमें तब्बू का स्वागत किया है।



# सलमान की 'सिकंदर' हुई फ्लॉप...

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' ईद के खास मौके पर यानी 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। उनकी इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को बड़ी उम्मदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई घटती जा रही है। आलम यह है कि 12वें दिन इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट गई है। आइए जानें अब तक 'सिकंदर' ने कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 'सिकंदर' ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 75 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 107.85 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में 'सिकंदर' ने 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।

## टीवी मसाला



# 'बालिका वधू' व 'अस्तित्व' फेम गजरा इस शो से कर रहीं टीवी पर वापसी

**मुंबई।** मशहूर पटकथा लेखक गजरा कोट्टारी टीवी शो 'बालिका वधू' और 'अस्तित्व' के लिए जानी जाती हैं। वह जल्द ही दंगल टीवी पर एक शो के साथ वापसी कर रही हैं। यह शो कन्नड़ भाषा के शो 'कोगिल' पर आधारित है। लेखिका गजरा कोट्टारी ने पहले टीवी की दुनिया की आलोचना करते हुए इसे छोड़ दिया था, जिससे लोग हैरान रह गए थे। तकरीबन डेढ़ साल बाद वह टीवी लेखन में लौट रही हैं। गजरा कोट्टारी ने डेली आई से बातचीत में अपने सफर के बारे में बताया है आइए जानते हैं।

### क्या है 'ऐ दिल...जी ले जरा' की कहानी?

गजरा कोट्टारी 'ऐ दिल...जी ले जरा' से टीवी पर वापसी कर रही हैं। गजरा कोट्टारी ने 'ऐ दिल...जी ले जरा' के बारे में कहा कि इसे लेकर वह बहुत उत्साहित हैं। डेढ़ साल के बाद यह उनका पहला शो है। यह उनकी मूल कहानी का रूपांतरण है। ये कहानी कुछ साल पहले उदय टीवी पर लगभग तीन साल तक चली थी। इसका नाम 'कोगिल' था। यह एक लड़की की कहानी है, जिसे पता चलता है कि उसे गोद लिया गया है और वह मर रही है। वह एक म्यूजिक रियलिटी शो में भाग लेती है। उसे जिंदा रहने के लिए उन्हीं माता-पिता की मदद की जरूरत है, जिन्होंने उसे अस्वीकार कर दिया था। यह रिश्तों के उतार-चढ़ाव से भरी कहानी है। उनके मुताबिक उन्हें आखिरकार एक चैनल और एक निर्माता मिल गया, जो इसे हिंदी में बनाने के लिए तैयार है।

### इसलिए गजरा ने की वापसी


गजरा कोट्टारी से ये पूछे जाने पर कि ऐसी कौन सी चीज थी जिसने उन्हें दोबारा लिखने के लिए प्रेरित किया? उन्होंने बताया कि 'अतीत के गौरव का आनंद लेना आसान है, लेकिन मैं अपने पिछले अच्छे काम जितना ही अच्छी हूं। मैं आज के समय में प्रासंगिक बने रहना चाहती हूं। मैं अभी रिटायर होने के लिए तैयार नहीं हूं। मेरा मानना है कि लेखन एक ऐसी चीज है जो उम्र के साथ बेहतर होती जाती है। यह जीवन भर के सीखे हुए अनुभवों को दर्शाती है।

### ओटीटी में लिखने के लिए फिट हैं गजरा

गजरा कोट्टारी ने ओटीटी के बारे में बात करते हुए कहा 'टीवी के लोगों और लेखकों के बीच बहुत डर है कि ओटीटी की तुलना में टीवी दर्शकों की संख्या में गिरावट आ रही है। थीम और विषयों के मामले में जोखिम उठाने में कमी आई है। कुछ लोगों को एहसास हो रहा है कि लगातार सफल फॉर्मूले दोहराना उल्टा है, इसलिए प्रयोग शुरू हो गए हैं। ओटीटी के लिए लिखने वाले में टीवी के लिए लिखने वालों के लिए एक अलग पूर्वाग्रह था। अब ओटीटी प्लेटफॉर्म को एहसास हो गया है कि उन्हें बड़े पैमाने पर दर्शकों को आकर्षित करने की जरूरत है, तो वे लंबी सीरीज फॉर्मेट के साथ प्रयोग कर रहे हैं।

# 'छोरी 2' रिव्यू: सोहा की वापसी दमदार, नुसरत भी तालियों की हकदार

**मुंबई।** बॉलीवुड में रीमेक बनाने का चलन बहुत पुराना है। नुसरत भरूचा और मीता वशिष्ठ अभिनीत 'छोरी' भी मराठी फिल्म 'लपाछपी' का रीमेक थी, जो डराने के साथ-साथ भ्रूण हत्या को लेकर अहम संदेश दे गई थी। साल 2021 में आई इस फिल्म का सीक्वल 'छोरी 2' लंबे समय से चर्चा में था। शुक्रवार यानी 11 अप्रैल को नुसरत और सोहा अली खान अभिनीत 'छोरी 2' अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। 'छोरी 2' की कहानी 'छोरी' के 7 साल बाद के समय से शुरू होती है। साक्षी (नुसरत) ने 7 साल पहले अपने सास-ससुर और पति को मार दिया था। उसकी छोरी ईशानी (हार्दिका शर्मा) बड़ी हो चुकी है। ईशानी को सोलर अर्टिकेरिया नाम की गंभीर बीमारी है, जिसके चलते वह सूरज की रोशनी में नहीं जा सकती। उसके पिता ने उसके पीछे शैतानी शक्तियां लगाई हैं। बेटी को मौत के बवंडर से साक्षी कैसे बचाती है, यह देखने लायक है।




### सोहा निकलीं सरप्राइज पैकेज

यह फिल्म न सिर्फ अलौकिक शक्तियों और भूतिया सस्पेंस से भरी है, बल्कि लैंगिक भेदभाव जैसे गंभीर मुद्दे को भी छूती है। यह मां की अपने बच्चे को बचाने की जद्दोजहद को दिखाती है, जो रोंगटे खड़े कर देने के साथ-साथ भावुक भी कर देती है। फिल्म में सोहा ने सरप्राइज दिया है। उन्होंने शानदार वापसी की है। वह फिल्म की खलनायिका है, जो अपने खौफनाक अंदाज से डराने का माद्दा रखती है और यही उनके किरदार की जीत है।

**खूब दमकीं सोहा और नुसरत :** फिल्म में सोहा दासी मां की भूमिका में हैं, जो अपनी वापसी से अदाकारी की एक लंबी लकीर खींच जाती हैं। न तो पहले सोहा कभी पर्दे पर खलनायकी करती दिखी थीं और ना ही उनका ऐसा भयानक अवतार सामने आया था। अदाकारी के मोर्चे पर सोहा अव्वल नंबर रहीं। कुल मिलाकर ओटीटी पर ही सही, पर सोहा का सूरज चमक उठा है। उधर नुसरत ने अपनी अदाकारी का वो सिक्सर जड़ा है, जिसके लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा।

# 'क्लीन अप क्रू' की पहली झलक आई सामने

***मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के मशहूर अभिनेता रवि किशन पिछली बार फिल्म 'डाकू महाराज' में नजर आए थे। इस फिल्म में भले ही उनका किरदार बेहद छोटा, लेकिन बहुत अहम था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इन दिनों रवि अपनी आगामी वेब सीरीज 'क्लीन अप क्रू' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आखिरकार अब 'क्लीन अप क्रू' से रवि की पहली झलक सामने आ गई है।*




### खून से लथपथ दिखे रवि

'क्लीन अप क्रू' के पहले पोस्टर में रवि का धांसू अवतार दिख रहा है। वह खून से लथपथ चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं। उनकी आंखों में गुस्सा साफ दिख रहा है। जियो स्टूडियो ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'लुक आउट हो गया है! कहानी? अभी भी रहस्य में!' इसमें रवि का अनदेखा अवतार देखने को मिलेगा। यह वेब सीरीज कब और कहां रिलीज होगी, फिलहाल यह जानकारी सामने नहीं आई है।

## 'लाहौर 1947' को जून महीने में रिलीज किया जाएगा

# 'लाहौर 1947' से लेकर 'सफर' तक, दर्शकों का मनोरंजन करेंगे सनी देओल

***मुंबई।** सनी देओल पिछली बार फिल्म 'गदर 2' में नजर आए थे। हमेशा की तरह इस फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी यह शानदार कमाई करने में सफल रही है। यह सनी के करियर की की सबसे कमाऊ फिल्म बनकर उभरी। इन दिनों सनी फिल्म 'जाट' में नजर आ रहे हैं, जिसने 9.50 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला है। आइए सनी की आगामी फिल्मों पर एक नजर डालते हैं।*



### 'लाहौर 1947'

'जाट' के बाद सनी फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशक राजकुमार संतोषी हैं। दोनों की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को 'घायल' और 'दामिनी' जैसी हिट फिल्में दी हैं। 1996 में आई फिल्म 'घातक' के लिए सनी और संतोषी आखिरी बार साथ आए थे। खास बात यह है कि आमिर खान इस फिल्म पर पैसा लगा रहे हैं। फिल्म में सनी के साथ अभिनेत्री प्रीति जिंटा नजर आएंगी। 'लाहौर 1947' को जून, 2025 में रिलीज किया जाएगा।

### 'बॉर्डर 2'

सनी की फिल्म 'बॉर्डर 2' भी कतार में है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है, जिसका निर्देशन जेपी दत्ता ने किया था। इस फिल्म में वरुण धवन भी मुख्य भूमिका में होंगे। दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अनुराग सिंह ने संभाली है, वहीं भूषण कुमार इसके निर्माता हैं। यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर यानी 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### 'रामायण: पार्ट 1'

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' पिछले लंबे समय से चर्चा में है। ऐलान होने के बाद से ही यह फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम तो साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं, वहीं हनुमान के किरदार के लिए सनी को चुना गया है। 'रामायण' का पहला दिवाली, 2026 में रिलीज किया जाएगा, वहीं इसका दूसरा भाग 2027 में दिवाली के मौके पर ही दर्शकों के बीच आएगा।



### 'सफर'

सनी के हाथ में फिल्म 'सफर' भी है। इस पारिवारिक ड्रामा फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसमें सनी एक एक पारिवारिक व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं, जो जीवन की चुनौतियों के कारण हर पल का आनंद लेना सीखता है। इस फिल्म में सनी के अलावा दर्शन जरीवाला और सिमरन बग्गा जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। 'सफर' सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। फिल्म का काम फिलहाल शुरुआती चरण में है।

